हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

4 राष्ट्रीय लोक अदालत में 3500 से अधिक मामले निराकृत



## खबर संक्षेप

### नपा बैकुंठपुर के वार्डों का होगा परिसीमन

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना के संबंध में सोमवार को तहसीलदार बैकुंठपुर ने जानकारी दी है कि नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र को 20 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो बैकुंठपुर नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। उक्त प्रस्ताव या परिसीमन के संबंध में किसी को आपत्ति या सुझाव हो तो 22 जुलाई तक लिखित रूप से नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अब तक 968.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 15 जुलाई तक 968.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील बैकुंठपुर में 192.6, सोनहत में 227.6, पटना में 402.8 एवं पोड़ी बचरा में 145.7 मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील बैकुंठपुर में 10.4, सोनहत में 0, पटना में 16.7 एवं पोड़ी बचरा में 2.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### मुहर्रम पर कल बंद रहेगी शराब दुकानें

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी.राहुल वेंकट ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं वर्ष 2024-25 के लिए देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के लिए आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदु के कंडिका 16 की उप कंडिका 16.1 के अनुसार 17 जुलाई को मुहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस रहेगा। इस दिन जिले की समस्त देशी-विदेशी, कंपोजिट मंदिरा की फुटकर दुकानों, दुकानों से संलग्न अहातों तथा एफएल 4 (क) अनुज्ञप्तिधारी व्यवसायिक क्लब पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर ने 17 जुलाई को घोषित शुष्क दिवस का पूर्णतः कड़ाई से पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### सर्पदंश से महिला की मौत, मर्ग कायम

**रामानुजगंज।** सुबह सुबह घर से बाहर निकली महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप काटने के बाद महिला को परिजन अस्पताल लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि विजयनगर चौकी अंतर्गत ग्राम बानापति निवासी 30 वर्षीया मानमति सरूता पति कपिलदेव सरूता 14 जुलाई की सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई हुई थी। महिला जब घर वापस लौटी तो घर में रखे चारपाई पर बैठकर और परिजन को जानकारी दी कि उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया है। कुछ समय बाद महिला बेहोश हो गई।

# दो गुटों के बीच गैंगवार, एक की हत्या, 6 हिरासत में

दो दिन पहले मृतक ने थाने में लिखवाई थी रिपोर्ट, पर मामले में नहीं हुई कारवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के आमाखेरवा इलाके में 10 से ज्यादा हमलावरों ने एक युवक को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। हमलावरों ने युवक के सिर, सीने और पेट में कई वार किए। देर रात हुई इस घटना के बाद पूरा इलाका तनावग्रस्त हो गया। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई इस घटना ने पुलिस की लचर व्यवस्था को उजागर कर दिया है।

**मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र के आमाखेरवा की घटना**

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा में बिजली आफिस के पास रविवार की रात 10:30 बजे पियूष जसूजा नामक 20 वर्षीय युवक अपने 5 साथियों के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान बदन सिंह सहित लगभग 10 युवक हथियारों लैस होकर मौके पर पहुंचे, उनके बीच 2 दिन पहले हुई मारपीट की घटना को लेकर विवाद हो गया, इसके बाद रवि यादव सहित अन्य युवकों ने मयूर जसूजा पर हमला कर दिया। अचानक इतने युवकों के द्वारा किए गए हमले से युवक संभल भी नहीं पाया। सभी ने दहशत फैलाते हुए पियूष समेत बाकी दोस्तों पर भी हमला करने की कोशिश की, लेकिन वह भाग गए। तब तक हमलावरों ने पियूष को धारदार हथियार से गंभीर रूप से घायल कर दिया।



हमले के बाद खून से लथपथ पियूष जमीन पर गिर गया। हमलावर उसे वहीं छोड़कर मौके से भाग निकले। तब घायल युवक के दोस्तों ने उसे करीब 11 बजे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में पुलिस बल रात को ही अस्पताल पहुंच गया। मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। परिजन ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मृतक के चाचा ने बताया कि दो दिन पहले हुए विवाद की शिकायत करने के बाद देर रात पुलिस का कॉल आया। पुलिस ने कहा कि तुम्हारे भतीजे ने लड़ाई की है, इसे 302 के तहत अंदर कर देंगे।

### दो दिन पहले हुआ था विवाद

बताया जा रहा है कि 13 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे हमलावर युवकों और जसूजा के बीच विवाद हुआ था। रवि यादव ने मनेन्द्रगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जुलाई की रात वह करीब 10 बजे टहलते हुए खेड़िया टॉकिज के आगे हनुमान मंदिर के पास पहुंचा था। इसी दौरान पियूष जसूजा,शुभम तिवारी और अन्य दो लोगों ने अपशब्द कहकर मारपीट की। मृतक के परिजन ने बताया कि जसूजा ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। इस मामले में पुलिस ने लापरवाही दिखाई, यही कारण है कि आरोपियों के हौसले बढ़ गए।

### हत्या के बाद हरकत में आई पुलिस

एक युवक की हत्या के बाद पुलिस हरकत में आई और 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वहीं कुछ युवक मौके से फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। इधर दोपहर को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया गया है। इसके बाद गमगीन माहौल में मुक्तिधाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# मारपीट कर नकदी व कार लूटने वाला एक गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर नगदी और रुपए की लूटपाट करने वाले आरोपी को सोनहत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल 3 अन्य फरार आरोपियों को पुलिस खोजबीन कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 11 जुलाई को प्रार्थी विवेक सिंह पिता उपेन्द्र सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी ग्रान उज्ञांव चौकी रामगढ़ थाना सोनहत में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराए थे कि 10 जुलाई की शाम बैकुंठपुर से अपने साथी विनोद परवार के साथ अपने कार वेगनआर से अपने घर ग्राम उज्ञांव जा रहे थे, इसी दौरान लगभग 8 बजे सोनहत बाजार से थोड़े आगे रूककर गाड़ी से उतरा तो पीछे से 4 लोग मोटरसायकल से आए इनमें दीपक कोल पिता मंधारी कोल उम्र 25 वर्ष निवासी कोलपारा थाना सोनहत था। दीपक ने मेरे एवं मेरे साथी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर कार की चाबी छीन ली, वहीं कार के डेस बोर्ड में रखे 19000 रूपए को भी निकाल लिया और कार को भी साथ लेकर चले गए। प्रार्थी की रिपार्ट पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 123/2024 धारा 309 (6), भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं उसके साथी से पूछताछ कर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रकरण के नामजद मुख्य आरोपी दीपक कोल पिता मंधारी कोल उम्र 25 वर्ष निवासी कोलपारा सोनहत को उसके निवास स्थान पर घेराबंदी कर पकड़ा गया है। आरोपी दीपक कोल से पूछताछ करने पर बताया कि वह पूर्व रंजिश के कारण अपने साथी कालेन्द्र सोनवानी एवं 2 अन्य के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार सोनहत के आगे विवेक सिंह से मारपीट कर उक्त घटना को अंजाम दिया है।

■ तीन आरोपी फरार

आरोपी दीपक कोल ने बताया कि 3 अन्य साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। वहीं लूटे गए रकम को आरोपी खर्च कर दिया था, कार को आरोपी के घर से बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपी दीपक कोल के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में 3 अन्य आरोपी फरार है, जिनकी पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है।

# शहर का गौरव पथ बदहाल, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर का गौरव कहा जाने वाला गौरव पथ आज अपनी बदहाली की आंसू बहा रहा है, लेकिन गौरवपथ के गौरव को लौटाने की दिशा में जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ध्यान न देकर आंखे मूंद लिए हैं, इसके चलते बीते कई वर्ष से बरसात के मौसम में गौरव पथ की बदहाली सामने दिखाई देने लग जाती है। जानकारी के अनुसार डेढ़ दशक पूर्व शहर के जिला अस्पताल मार्ग को गौरवपथ के लिए चयनित किया गया और करोड़ों रूपए खर्चकर डिवाईडरयुक्त चौड़ी सड़क बनाई गई, जो शहर के लिए अपने नाम के अनुरूप गौरव पथ बना, लेकिन धीरे-धीरे इस मार्ग की ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण गौरवपथ की हालत खराब होने लगी। कई जगहों पर गौरवपथ की डामर उखड़ने लगी और जगह-जगह गढ्ढे बन गए, इससे आवागमन के दौरान वाहन चालकों को हिचकोले खाते हुए जाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो अब तक कई जगहों पर बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि फव्वारा चौक से गढ़ेलपारा के आखिर छोर तक ⏭ शेष पेज 4 पर



गौरव पथ में भरा पानी।

### बरसात में बन जाता है तालाब

गौरव पथ सड़क की हालत जर्जर कई जगहों से होती जा रही है, वहीं कुछ स्थान ऐसे हैं, जहां पर बरसाती पानी का भराव हो जाता है जिसके कारण आवागमन में वाहन चालकों के साथ सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वालों को उठाना पड़ता है। यह समस्या वर्तमान की नहीं है, बल्कि बीते कई वर्षो से बरसात के दौरान होती है। बावजूद सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गौरवपथ में जनपद कॉम्प्लेक्स के पास सड़क पर बारिश का पानी जमा हो जाता है, इसके निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, इससे बारिश का पानी घंटो जमा रहता है, लोगों को सड़क पर जमा पानी के कारण चलने में दिक्कत होती है। इस दौरान कई वाहन चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए छिंटे भी मार देते हैं। जनपद कॉम्प्लेक्स के पास वर्षो से यह समस्या बनी हुई है, बावजूद इसके यहां पर पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की जा रही है। सड़क पर पानी के जमाव के कारण आस-पास के दुकानदार भी परेशान हैं।

# सूने मकान में घुसकर चोरी करने वाले दो नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सूने मकान में घुसकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बालक समेत तीन आरोपियों को पकड़कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरी का सोना खरीदने वाले जेवर व्यवसायियों पर भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख दस हजार रुपए का सामान बरामद किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 6 जुलाई को नमनाकला निवासी अमित कुमार सिन्हा के घर के शीट को काटकर कुछ अज्ञात चोर घर के अंदर दाखिल हुए। शाम 6 से 6.30 बजे के बीच चोरों ने घर में घुसकर सोने का चैन, सोने का नथिया, सोने का कान का रिंग, सोने की अंगूठी, पायल बिछिया, घड़ी, मोबाइल एवं नगदी 3 हजार रुपए समेत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए का सामान चोरी कर भाग गए।

# जानलेवा साबित हो रहीं वनांचल की बदहाल सड़कें

**जनकपुर।** नगर की मुख्य सड़क सहित बस्ती की अंदरूनी सड़कों की काफी स्थिति दयनीय हो गई है। सड़कों की हालत यह है कि जगह - जगह गड्ढा हो गए हैं, इसके कारण लगभग समूचा सड़क हल्की बारिश होते ही कीचड़ में तब्दील हो जाती है। इन सड़कों पर जहां आम आदमी का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। प्रदेश में पिछले 15 साल के भाजपा शासन एवं 5 साल के कांग्रेस शासन के कार्यकाल के बावजूद जनकपुर की सड़कों की हालत नहीं सुधरी है। नगर की विबंडना हमेशा यह रही है कि चुनाव के समय नेता आम जनता के बीच आते हैं और विकास करने की लच्छेदार लुभावनी बातें करके बोट तो ले लेते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही किए गए वादे पर ध्यान नहीं देते हैं, इससे नगर की मुख्य सड़क सहित बस्ती की अंदरूनी सड़के लगातार बदहाल बनी हुई है। चुनाव के समय नेता लच्छेदार भाषण देकर पंचायत से लेकर जनपद, जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक पहुंच जाते हैं, लेकिन चुनाव के समय जनता से किए गए अपने वादे को भूल जाते हैं। वहीं अगर बात करें स्थानीय लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एसडीओ की तो इनके द्वारा वार्षिक संधारण के नाम पर खानापूर्ति करते हुए सड़क के गड्ढ़ों में मिट्टी डालकर भर देते हैं, जो हल्की बारिश हो जाने से सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, इससे नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत कार्य जिम्मेदार विभाग द्वारा जल्द नहीं कराया जाता है तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



सड़क में गड्ढे, दुर्घटना की आशंका।

## एक साल भी नहीं टिका निर्माण कार्य

# पहली ही बारिश में बही डबरी, जांच की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न तरह के निर्माण कार्य भगवान भरोसे है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरमा अंतर्गत बेसरझरिया से जगदीशपुर की ओर जाने वाली मार्ग खेत के बीच में एक नाला है, जिसके किनारे में बीते वर्ष डबरी का निर्माण कराया गया था, जो इस वर्ष पहली ही बरसात में अत्यधिक पानी के बहाव के कारण निर्मित डबरी टूट गया, इससे कि कई दिन की बारिश के बाद भी बनाए गए बांध में पानी का ठहराव नहीं हो रहा है। इस तरह लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी बांध पहली बरसात भी नहीं झेल पाई। निश्चित तौर पर बांध के निर्माण पर तकनीकी पहलुओं को ध्यान नहीं दिया गया और न ही मापदंडों का पालन किया गया, इसके कारण निर्मित बांध इस वर्ष की पहली बारिश की पानी की धारा में बह गया।



### जांच की जरूरत

उक्त स्थान बने बांध को देखने से पता चलता है कि छोटे बांध और डबरी का निर्माण के दौरान केवल दो ओर से ही मिट्टी भरकर बांध का निर्माण किया गया, वहीं देखने पर पता चलता है कि एक ओर उंचा स्थान है, जिससे की इस ओर मिट्टी भरने की जरूरत ही नहीं पड़ी, वहीं एक अन्य ओर भी मिट्टी का भराव नहीं किया गया है। इस बांध के निर्माण की जांच करने की जरूरत है।



## खबर संक्षेप



### ग्राम केवड़ा आवासीय परिसर के मंदिर में किया गया प्राण प्रतिष्ठा

**भैयाथान।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम केवरा में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा निर्मित राम मंदिर का तीन दिवसीय भगवान राम की प्राणप्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हुई। प्राणप्रतिष्ठा के पहले दिन अन्य प्रांतों से अनुष्ठान करवाने पहुंचे पुरोहित द्वारा भगवान राम, माता सीता,लक्ष्मण, हनुमान, भगवान शिव, नंदी को जलाभिषेक कराया गया। निर्धारित समय अवधि में अन्न तथा तीसरे दिन विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की प्राणप्रतिष्ठा कर उन्हें स्थापित किया गया। धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान कंपनी के अधिकारी महेंद्र पाण्डेय रहें। इस संबंध में कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक डी पात्रा ने बताया कि ग्राम केवरा आवासीय परिसर स्थित नवनिर्मित राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान में भैयाथान, बड़सरा, बसकर, खाड़ापारा, दनौली, केवरा, कुसमुसी, कुर्रीडीह सहित आसपास के सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान कंपनी के निर्देशक एके चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष एके सिंह, राम जयपाल सिंह, विजय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय



**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज में हुई नियुक्ति एवं पदोन्नति में अनियमितता का मामला गहराते जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में पदाधिकारियों ने मामले को प्रदेश स्तर पर उठाने एवं मेडिकल कॉलेज के डीन एवं संबंधित लिपिक को निलंबित करने की मांग करने का निर्णय लिया है। रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक संरक्षक ओपी शर्मा, प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष रविंद्र तिवारी, प्रांतीय महामंत्री अनिल पाण्डेय, आरडी दीवान की उपस्थिति में हुई। बैठक में शासन स्तर पर लंबित मांगों के संबंध में चर्चा उपरांत नई रणनीति बनाई गई। मेडिकल कॉलेज की नियुक्ति एवं पदोन्नति में व्यापक अनियमितता के मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज पदाधिकारियों ने मामले को प्रदेश स्तर पर उठाने, स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा जांच समिति गठित करने एवं डीन व संबंधित लिपिक के निलंबन की मांग करने का निर्णय लिया। संघ द्वारा सभी जिलों एवं विकासखण्डों में नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कराने, विभाग में लंबित विभिन्न कैडर की लंबित पदोन्नति एवं संविदा कर्मचारियों की तरह एनएचएम के संविदा कर्मियों को 27 फीसदी वेतन वृद्धि के लिए आवश्यक पहल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के सभी जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, हत्या का प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी ग्रामीण से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।



लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंधला उरांवपारा निवासी निरंजन तिग्गा से पड़ोसी तरसु मिंज द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर 11 मई को मारपीट की गई। इस दौरान शोर शराबा सुनकर जब निरंजन तिग्गा की पत्नी सुधयारो तिग्गा बाहर निकली तो देखा कि पड़ोसी तरसु मिंज पति के साथ मारपीट कर रहा है। महिला ने किसी तरह बीच बचाव कर अपने पति को छुड़ाया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट में निरंजन तिग्गा को नाक, आंख, मुंह में गंभीर चोट आई थी। ग्रामीण को उपचार के लिए चिकित्सकों द्वारा रायपुर रिफर किया गया था। उपचार के बाद महिला की सूचना पर पुलिस ने निरंजन तिग्गा का मुलाहिजा कराने के बाद धारा 294, 506, 323 व 307 के तहत 61 वर्षीय तरसु मिंज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर अश्वनी सिंह, सउनि रामचंद्र यादव, आरक्षक जानकी राजवाड़े, राकेश यादव आदि शामिल रहे।

### मामूली बात को लेकर युवक पर चाकू से हमला, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** गंगापुर दुकान के समीप हाथ से टक्कर लग जाने की मामूली बात को लेकर शराब के नशे में धुत युवकों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। कंपनी बाजार समीप निवासी संदीप चौधरी आ. शकलदीप चौधरी शुक्रवार को दोस्त सत्यम साहू के साथ गैस टंकी लेने गंगापुर रोजगार कार्यालय के समीप गया था। रात लगभग 9 बजे गैस टंकी गिरने से हाथ में चोट लग गया जिससे पास स्थित दुकान में बेडेज लेने गया था। इसी दौरान दोस्त सत्यम का हाथ वहां मौजूद युवकों से टकरा गया। इसी बात को लेकर युवाओं ने गाली गलौज करते हुए चाकू से सत्यम के सिर पर हमला कर दिया जिससे कान में गंभीर चोटे आई। दोनो ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई तथा घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।

## खतरे में बच्चों का भविष्य, कैसे होगी गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई

# तंग कमरे में एक साथ बैठकर मिडिल प्राइमरी के बच्चे गढ़ रहे अपना भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा करोड़ों रूपए खर्च करने के बावजूद स्कूल भवनों की स्थिति में सुधार नहीं हो सका है। जर्जर भवनों में अपना भविष्य गढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए विभाग ने वैकल्पिक भवनों में उनकी पढ़ाई की व्यवस्था की है। हालत यह है कि कहीं अतिरिक्त कमरे में एक साथ पांच कक्षाओं के बच्चे भेड़-बकरियों की तरह पढ़ाई करने मजबूर हैं तो भवन की व्यवस्था नहीं होने के कारण टपकते छत के नीचे बैठकर बच्चे अपना भविष्य गढ़ने की मशक्कत कर रहे हैं। जिन स्कूलों में बच्चों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं हैं वहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की बात पर हैरानी होती है।

**खास बात**

- शासकीय भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण जर्जर भवनों में संचालित हो रही आधा दर्जन शालाएं

विकासखण्ड मैनपाट में तीन दर्जन से अधिक स्कूल भवन अत्यंत जर्जर थे। शिक्षक वर्षों से जर्जर भवन की समस्या से अधिकारियों को अवगत करा रहे थे लेकिन विभाग न तो भवनों की मरम्मत करा पा रहा था न ही नए भवन के निर्माण की पहल। पिछले साल राज्य सरकार ने ऐसे सभी भवनों की आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कराने की स्वीकृति प्रदान की। जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत एवं नवनिर्माण कराने की जिम्मेदारी लेने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ठेकेदारों ने लगभग दो दर्जन स्कूल भवनों एवं अतिरिक्त कक्षों का आनन-फानन में निर्माण शुरू कर आधे-अधूरे हाल में छोड़ दिया। ब्लॉक के 17 स्कूलों का भवन बनाने कहीं मात्र नींव की खुदाई की गई है तो कहीं मात्र नींव का निर्माण ही पूरा हो सका वहीं 38 स्कूल भवनों के निर्माण की पहल तक शुरू नहीं हो सकी। नए शिक्षा सत्र में इन खतरनाक बन चुके भवनों से सुरक्षा के लिए आनन-फानन में वैकल्पिक भवनों की व्यवस्था की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों में पक्के शासकीय भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को स्कूल संचालन के लिए भवन उपलब्ध कराने के लिए राजी किया। पक्के भवन के अभाव में अनेक गांवों में प्राइमरी व मिडिल की कक्षाएं अतिरिक्त कक्ष के तंग कमरे में संचालित हो रही हैं तो कहीं आंबा भवन एवं पंचायत भवन में। शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने तक तकनीकी अधिकारी शीघ्र भवन निर्माण कराने का दावा कर रहे थे। स्कूल भवनों के गुणवत्ताहीन निर्माण एवं मरम्मत की शिकायत के बाद राज्य सरकार ने स्वीकृत राशि वापस मंगा ली है। ऐसे में निकट भविष्य में इन जर्जर शालाओं का निर्माण भी संभव नहीं है।



आंबा केन्द्र जंगलपारा में संचालित प्राथमिक शाला।

### आंधी में उड़ गए 8 स्कूलों के शेड

शासन द्वारा विकासखण्ड के 8 जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत कराई गई थी लेकिन मानसून पूर्व के अंधड़ में ही स्कूल का शेड उखड़कर तबाह हो गया। ग्राम बरडांड, बैगहवा पारा, चैनपुर, मालतीपुर, पनही पखना, ग्राम वंदना स्थित दो प्राथमिक शालाओं एवं ग्राम बरिमा एवं जामडीह मिडिल स्कूल भवन की छत से बरसात में पानी टपकता था। अधिकारियों ने टपकते पानी से राहत देने के लिए छत पर शेड बनाने की तरकीब निकाली थी। विभाग ने ठेकेदारों के माध्यम से छत के ऊपर शेड भी बनवा दिया लेकिन मानसून से पहले अंधड़ में ही नवनिर्मित शेड उखड़कर तबाह हो गया। शिक्षकों ने अधिकारियों को बरसात में छत टपकने एवं पढ़ाई में बाधा आने से अवगत भी कराया लेकिन गांव में वैकल्पिक भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण जर्जर शालाओं में ही भारी परेशानी के बीच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक शाला भवन बंदना एवं मालतीपुर का पुराना भवन ठेकेदार ने ढहा दिया था लिहाजा वंदना शाला का संचालन गांव के आंबा भवन में जबकि मिडिल स्कूल मालतीपुर का संचालन प्राथमिक शाला भवन में किया जा रहा है।

### एक साथ पांच कक्षाओं की पढ़ाई

विकासखण्ड के जर्जर शालाओं का संचालन अतिरिक्त कक्ष, पास के स्कूल भवन एवं अन्य शासकीय भवनों के एक मात्र कमरे में किया जा रहा है। तंग कमरों में मिडिल स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 6वीं, 7वीं एवं आठवीं के बच्चे तथा प्राइमरी स्कूल के कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। एक कमरे में दूसरे शिक्षक का पढ़ाना संभव नहीं होने के कारण एक ही शिक्षक बारी-बारी से सभी कक्षा के बच्चों को पढ़ाते है। विभाग के पास भी भवन की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण इस बड़ी समस्या के निराकरण का कोई उपाय नहीं है।

### भवन की समस्या

दूरस्थ क्षेत्रों में वैकल्पिक भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ शालाओं का संचालन जर्जर भवनों में किया जा रहा है। जहां भवन उपलब्ध है वहां अतिरिक्त कक्ष, आंबा भवन एवं पंचायत भवन में शालाओं का संचालन किया जा रहा है।

-योगेश शाही
बीईओ, मैनपाट



बारिश से ढहा दीवार।

## बारिश में ढही पद्मश्री माता राजमोहिनी के समाधि स्थल की बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

कांग्रेस सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत पद्मश्री माता राज मोहनी देवी के समाधि स्थल के विकास के लिए 50 लाख रुपए की राशि दिया। हैरानी की बात यह है कि समाधि स्थल के विकास और सौंदर्य कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पिछले दिनों तीन दिन की बारिश में बाउंड्री वॉल ढह गया। पूर्व में पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी संस्था के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने घटिया निर्माण को लेकर कलेक्टर सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों से की परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से अब बाउंड्री वॉल टूट गया पूरी तरह धराशाई हो गई।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 50 लाख की लागत से पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के समाधि स्थल ग्राम पंचायत गोविंदपुर के रजमेलान मे बाउंड्री वॉल, शौचालय निर्माण के अलावा सुंदरीकरण सहित अन्य कार्य को स्वीकृत किया था। ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था। ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण करते हुए कार्य पूर्ण किया जा रहा था। जिसकी शिकायत संस्था के अध्यक्ष ने कई बार कलेक्टर व विभागीय अधिकारियों से की थी लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने के कारण पिछले तीन दिनों से हुई बारिश के बाद बीती रात या बाउंड्री वॉल भर भर कर गिर गई जिससे घटिया निर्माण की पोल खुल गई। पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी केवल सरगुजा संभाग ही नहीं बल्कि दूसरों प्रदेश उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार व अन्य राज्यों में भी ख्याति प्राप्त महान संत हैं। पहली बारिश में बाउंड्री वॉल के टूट जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में एसडीएम ने ललिता भगत ने बताया कि मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन संबंधित विभाग एवं कलेक्टर को सौंपा जाएगा। साथ ही कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

### पीईकेबी कोयला खदान संचालन एवं पीसीबी खदान को शुरू कराने मांग, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** पीईकेबी कोयला खदान के संचालन और सूरजपुर जिले के प्रेमनगर स्थित परसा कोल ब्लॉक को शुरू कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।



दोनों जिलों के ग्राम साल्ही से चंदरकेश्वर पोर्ते, रघुनन्दन पोर्ते, ग्राम घाटबर्रा से मुकेश यादव, मुन्ना यादव, हरिश्चंद्र व अन्य, फतेहपुर से समल सिंह पोर्ते, केश्वर पोंर्ते, धनश्याम पोर्ते, तारा से रंग लाल मरकाम, शिवरतन, बाबूलाल यादव, हरिहरपुर के राजेश्वर दास, नेमसाय कोर्राम सहित लगभग 20 ग्रामीणों का एक समूह 13 जुलाई को रायपुर पहुंचा। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में उनके क्षेत्र में चल रही पीईकेबी कोयला खदान और पीसीबी के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि पीईकेबी विगत 12 वर्षों से संचालित है। इस खदान में आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों स्थानीय लोग नौकरी कर जीवन यापन कर रहे हैं। किन्तु वर्तमान में पीईकेबी कोयला खदान के निरंतर संचालन आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं है जिससे खनन का कार्य प्रभावित हो रहा है। अतः इसके सुचारु रूप से संचालन के लिए वन भूमि उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। इसके संचालन नहीं होने से रोजी रोटी छिन जाएगी।

## भू माफियाओं ने घर में घुसकर मां-बेटे पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

ग्राम पंचायत मदनपुर में विवादित भूमि पर अवैध कब्जा लेने की नियत से भू माफिया व उसके गुर्गो ने घर मे अ के ली महिला व उसके पुत्र पर लोहे की रॉड व सब्बल, लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से घायल महिला व उसके पुत्र ने भू-माफिया के चंगुल से भाग कर जान बचाई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

- घर में तोड़ फोड़ कर सामना फेका बाहर, रिपोर्ट पर पुलिस अपराध किया दर्ज

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मदनपुर निवाासी राधा गोविंद मण्डल व सिलफिली निवासी गौरांग मंडल के मध्य कई साल से अम्बिकापुर-मनेंद्रगढ़ नेशनल हाईवे से लगी भूमि का विवाद चल रहा है। भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से सिलफिली निवासी गौरांग चंद मंडल, उसके पुत्र ऋषि व पत्नी समेत आधा दर्जन से अधिक बाहरी लोगों ने नकाब बांध कर रॉड, सब्बल, डंड़ा लेकर एकाएक शनिवार की दोपहर 3 बजे राधा गोविंद के विवादित भूमि पर पहुंचे और घर में घुसकर उसकी पत्नी पूर्णिमा मंडल व पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से घायल मां-बेटा किसी तरह भाग कर जान बचाई। इधर हमलावर पूर्णिमा की पुत्र के साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया जिसे देख मां बीच बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी जमकर मारपीट की गई। साथ ही घर में रखे सामान को बाहर फेंक दिया और रॉड व सब्बल से घर व म्यार, कंड़ी व छप्पर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर मारपीट से गंभीर हुए पूर्णिमा व पुत्र-पुत्री को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि दर्जनों लोग हथियार लेकर उसकी पत्नी, बेटा व पुत्री पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से घायल पत्नी, बेटा व पुत्री का उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है। इधर जयनगर पुलिस द्वारा सिर्फ गौरांग मंडल पर कार्रवाही करना समझ से परे है। बहरहाल पुलिस ने पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 333, 191(1), 191(3),324 (4), 74, 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



क्षतिग्रस्त घर, बाहर फेंके गए सामान।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व लोगों की भीड।

## आपसी भाई चारे के साथ सौहार्द पूर्ण मनाएं त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मोहर्रम व श्रावण मास के कांवर यात्रा को लेकर रविवार को जयनगर थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशानुसार पुलिस थाना जयनगर प्रांगण में रविवार को मोहर्रम व श्रावण मास के कांवर यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक जयनगर टीआई नरेंद्र सिंह की उपस्थिति में आहूत की गई।

- जयनगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

बैठक में मोहर्रम व कांवर यात्रा में शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत कार्य किए जाने हेतु थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा उपस्थितजन से आह्वान किया गया। बैठक में थाना प्रभारी ने उपस्थित जन को आपसी भाई चारे के साथ सौहार्द पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की बात कही। साथ ही थाना प्रभारी ने उपस्थित जन को अवगत कराया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, इस वजह से डीजे का उपयोग बिलकुल नहीं किया जाए। जुलूस के दौरान सड़क के एक किनारे ही लोग चलें, जिससे दूसरे हिस्से से आवागमन अनवरत जारी रहे। सड़क जाम होने से कभी कभी आपातकालीन सेवाएं काफी प्रभावित हो जाती हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी गांव में एक टीम गठित करके उन्हें पुलिस मित्र बनाई जाए, जिससे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में काफी हद तक सफलता मिल सकती है। थाना प्रभारी ने यहां पर उपस्थित जन को नए कानून की भी विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक भी किया गया।

उन्होंने कहा कि समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजन का सहयोग काफी अहम भूमिका निभाने का काम करता है,इसके साथ साइबर ठगी के बारे में भी उपस्थित लोगों को जागरुक किया गया, बैठक में सभी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## काउंसलिंग प्रेरणा के बाद छात्र-छात्राओं ने पसंदीदा विषयों में लिया एडमिशन

**मानीचौक।** दसवीं पास होने के बाद अधिकांश बच्चे अपनी रुचि अनुसार विषय का चयन नहीं कर पाते है। ऐसे में उन्हें आगे की पढ़ाई करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है या आगे की पढ़ाई करना बंद कर देते है। इस स्कूल में आगे से ऐसा न हो इसके लिए स्कूल प्राचार्य ने एक अलग तरीका अपनाया है। स्कूली बच्चों के भविष्य का चिंता करते हुए काउंसलिंग प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हे उनके पसंदीदा विषय का चयन करने का मौका दिया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका प्राचार्य जेआर शांडिल्य के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों का काउंसलिंग प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11वी में नवप्रवेशी बच्चों का प्रवेश उत्सव के रूप अक्षत तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को अपने अपने विषय का परिचय दिया और उस विषय का अध्ययन करके उनकी किस दिशा में उन्नति होगा इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही नए शिक्षा नीति के बारे में बताया और आने वाले समय में रोजगार व व्यवसाय पर भविष्य को ध्यान रखते हुए रूचि अनुसार विषय का चयन कर पढ़ाई करने की सलाह दी। काउंसलिंग से प्रेरणा से विभिन्न छात्र -छात्राओं ने अपने पसंदीदा विषय लेकर पढ़ने का निर्णय लिया और पूरे शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय का नाम रौशन करते हुए उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं के रूप में अपना पहचान स्थापित करने का संकल्प लिया है। इस दौरान शिक्षक माधुरी संगीता शांडिल्य, दिनेश कुमार सिंह, उग्रसेन प्रसाद केसरी, जेपी गेंदले, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार, सरस्वती पैकरा, दुर्गा प्रसाद, अरुण, निधि सहित अन्य उपस्थित रहे।



## संयुक्त सुरक्षा दल ने चोरी का लोहा कबाड़ लोड पिकअप को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर में खाकी के संरक्षण में चल रहे कबाड़ के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने अब त्रिपुरा रायफल के जवानों व कंपनी के सुरक्षा अमले ने कमर कस ली है। सुरक्षा अधिकारी का प्रभार मिलने के बाद से नए सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण के नेतृत्व में टीम लगातार अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाए हुए है।

- अंधेरे का फ़ायदा उठाकर दर्जन भर कबाड़ चोर मौक़े से हुए फ़रार
- जब्त किए गए लोहे के स्क्रैप की क़ीमत क़रीब नब्बे हजार



अभी पांच दिनों पूर्व क्षेत्र के शातिर कबाड़ी के पौवापारा स्थित घर से खदानों से चुराए गए लोहे के पोल खंभे व पाइप जप्ती की थी ,तत्पश्चात शनिवार की बीती रात सुरक्षा अधिकारी ने त्रिपुरा रायफल के जवानों के साथ कुमदा सहक्षेत्र प्रांगण से खदान बलरामपुर खदान के पुराना मुहाड़ा से भारी भरकम बेल्ट स्ट्रक्चर सहित अन्य सामान को पिक अप में लोड कर ले जाने की तैयारी में लगे दर्जन भर कबाड़ चोरों के कब्जे से टीम ने स्क्रैप लोड पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बी टी 8110 को पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सुपुर्द किया है।कबाड़ चोर हथियार बंद जवानों को देख मौके से भाग निकले। बताया गया कि शनिवार की मध्यरात्रि में क्षेत्र के सक्रिय कबाड़ियों ने कुमदा सहक्षेत्र खदान के पास स्थित बलरामपुर खदान के पुराना मुहाड़ा के पास पिकअप वाहन लगाकर लोहे के सामान की चोरी कर सीधे अंबिकापुर सरगुज़ा ले जाने की तैयारी में थे ,तभी सुरक्षा टीम मौके पर पहुंच गई। टीम को देख दर्जन भर कबाड़ चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले जिसके बाद टीम ने लौह सामग्री लोड पिकअप वाहन को जप्त कर बिश्रामपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पिकअप में करीब अस्सी से नब्बे हजार का चोरी किया लोहा लोड होना बताया गया है। पिकअप केनापारा तेलईकछार मुख्य मार्ग निवासी कबाड़ी जो अभी जेल में निरुद्ध है उसका बताया गया है ,उसके जेल में निरुद्ध रहने के दौरान उसकी पत्नी द्वारा कबाड़ के अवैध कारोबार का संचालन किया जाना बताया जा रहा है।

## बारिश में निर्माणाधीन प्रतापपुर-राजपुर सड़क बनी डबरी, सफर हुआ मुश्किल

**प्रतापपुर।** प्रदेश में सरकार बदल गई परंतु प्रतापपुर-राजपुर मार्ग की सूरत नहीं बदल सकी। हैरानी की बात यह है दो साल से बन रहे सड़क निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सकी। आलम यह है कि निर्माणाधीन सड़क के कछुआ गति से चल रहे कार्य अब राहगीर समेत क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गर्मी के दिनों में राहगीर समेत क्षेत्र के लोग धूल के गुबार से परेशान थे तो वही अब बारिश होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे तथा कीचड़ ने राहगीर समेत क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने का खामियाजा राहगीर समेत क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 80 करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण बड़े ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है।

15-July- Jash Kor RGH & Janj -Bhoomi pg-3_Layout 1 7/15/2024 8:06 PM Page 1





# जापान में तहलका मचाएगी 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर'

**मुंबई।** फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' अपनी रिलीज के बाद से पॉपुलर हो गई है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने न सिर्फ ऑडियंस का दिल जीता है बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी अपना दम दिखा रही है। फिल्म ने 700 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कमाई करके रिकॉर्ड सेट किया है, जिसके बाद अब फिल्म जापान में अपनी रिलीज के साथ जादू चलाने के लिए तैयार है। 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर प्रभास के साथ फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। प्रभास को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है।

लाइफStyle

# पूजा
## पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं।

शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। 'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला




# 'डेसिपकेबल मी' ने कमाए 500 करोड़ डॉलर

**लॉस एंजिलिस।** इल्यूमिनेशन, यूनिवर्सल की 'डेस्पिकेबल मी 4' वैश्विक स्तर पर धमाल मचा रही है। फिल्म कमाई के मामले में भी अपना जलवा कायम किए हुए है। डेस्पिकेबल मी/मिनियंस फ्रेंचाइजी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर पांच बिलियन डॉलर यानी 500 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह मील का पत्थर हासिल करने वाली यह पहली एनिमेटेड फ्रेंचाइजी है। यह पहले से ही दुनियाभर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फ्रेंचाइजी थी। इस सप्ताहांत डेस्पिकेबल मी 4 लगातार दूसरे फ्रेम में वैश्विक स्तर पर नंबर वन फिल्म बनने की उम्मीद है, जिससे रविवार तक दुनिया भर में अनुमानित 136 मिलियन डॉलर की कमाई होगी।



# 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है। टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है।



# तृप्ति धनुष के साथ करेंगी रोमांस...

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास फिल्मों की लाइन लगी हैं। तृप्ति हर निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद बनी हुई हैं। अब खबर है उन्हें धनुष संग काम करने का मौका मिल गया है। आनंद राय की अगली फिल्म में दोनों साथ दिखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए तृप्ति को कास्ट कर लिया है। धनुष फिल्म में एक एंग्री यंगमैन की भूमिका में होंगे। ऐसे में उनके साथ लीड हीरोइन के लिए आनंद की पहली पसंद तृप्ति हैं। निर्देशक ने उनकी पिछली फिल्में देखी हैं, वहीं तृप्ति की लोकप्रियता भी चरम पर है। ऐसे में वह अपनी फिल्म में उन्हें धनुष की जोड़ीदार बनाकर उनकी सफलता को भुनाने के पूरे मूड में हैं। अक्टूबर, 2024 से धनुष अपनी चौथी हिंदी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से वाराणसी में होगी।



# 'हाउसफुल-5' से जुड़े संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। बता दें कि 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है। 'हाउसफुल' और 'हाउसफुल 2' का निर्देशन साजिद खान ने किया था।

## टीवी मसाला

# आशिफ ने निभाए 300 कैरेक्टर गिनीज बुक में दर्ज है नाम...

**मुंबई।** ऐसा कहा जाता है कि इंसान की लाइफ में एक बार ऐसा मौका आता है जरूर आता है जब उन्हें वो सबकुछ मिलता है जिसकी उन्हें चाहत होती है। कुछ ऐसा ही आशिफ शेख के साथ हुआ उन्होंने सोचा था फिल्मों में काम करके फेमस हो जाएं, उन्हें प्रसिद्धि मिली लेकिन फिल्मों नहीं टीवी सीरियल से जिसका नाम है 'भाबी जी घर पर हैं। आशिफ शेख ने इस सीरियल में लगभग 300 किरदार निभाए हैं और इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। हिंदी टेलीविजन के आशिफ शेख इकलौते ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने एक सीरियल में अलग-अलग इतने सारे किरदार निभाए। 2 मार्च 2015 को 'भाबी जी घर पर हैं' का पहला एपिसोड आया था। शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसी एक-दूसरे की वाइफ को पसंद करते हैं और हेल्दी फ्लर्ट भी करते हैं। इस शो में दोनों भाबियों का किरदार अलग-अलग एक्ट्रेसेस ने निभाया लेकिन आशिफ शेख और रोहिताश्व गौर लगभग 9 सालों से टिके हुए हैं। आशिफ शेख इस शो के मेन कलाकार हैं जिन्हें दर्शक देखना पसंद करते हैं। साल 2015 से लेकर 2021 तक आशिफ शेख ने स्क्रिप्ट की डिमांड के अनुसार, इस सीरियल में 300 से ज्यादा किरदार बदले हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।



# शिमला की पृष्ठभूमि पर बनी है 'अमर कालोनी'



**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की 'अमर कॉलोनी' शिमला की पृष्ठभूमि की थीम पर बनी फिल्म है। 'अमर कालोनी' के निर्देशक सिद्धार्थ चौहान बताते हैं कि छह साल पहले, मैं एक ऐसी जगह की तलाश में था, जहां मैं अपनी लघु फिल्म के लिए एक सेट बना सकूं। तभी मुझे शिमला में ब्रिटिश काल की एक शानदार विरासत वाली इमारत का एक निर्जन ताला लगा हुआ हिस्सा मिला। यह कभी 1905-06 में दिल्ली और लंदन बैंक का हिस्सा हुआ करता था। सीढ़ियां, ऊंचे गलियारे, बड़ी खिड़कियां, पुरानी लकड़ी के प्रयोग सहित निर्माण की हर शैली ने मुझे आकर्षित किया। चाहे फिल्म में दुर्गा का किरदार निभाने वाली ऊषा हों या उनके पति की भूमिका निभाने वाले दीपक। ईशान आजाद को समझाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी भूमिका भी काफी चुनौतीपूर्ण थी। सिद्धार्थ ने कहा कि फिल्म के कुल कलाकारों में से 75 फीसदी किरदारों का संबंध शिमला से ही था।

# मुंबई में सेलिब्रेट किया भाई का बर्थडे

*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा बीते दिन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के लिए पति निक जोनस के साथ भारत आई थीं। बीते दिन प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति के साथ मिलकर भाई सिद्धार्थ चोपड़ा का बर्थडे सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस के भाई ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की थी। इस पार्टी में उनके भाई-बहन और दोस्त खूब धूम मचाते दिखे। प्रियंका के साथ निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी नजर आए हैं। बता दें कि सिद्धार्थ चोपड़ा 35 साल के हो गए हैं। उनकी बहन व जीजा सिद्धार्थ के बर्थडे में शामिल हुए थे। वायरल हो रही फोटोज में सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सिद्धार्थ ब्लैक कलर के कपड़ों में नजर आए, वहीं मन्नारा और नीलम दोनों ने ब्लैक ड्रेस कैरी की थी। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में गेट टुगेदर में सभी नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा एक फोटो में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसे उनके फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के द्वारा डिजाइन किया गया है।*



# मटका से तेलुगु सिनेमा में करेंगी कमबैक

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही हैं। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म 'मटका' में नोरा फतेही वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली दि बिगिनिंग, किक 2 और ऊपीरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा कि मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया। मैं उनके समर्पण से दंग हूं, उनकी तेलुगु बहुत अच्छी है। जब हमने एक विशेष डिस्को गीत और एक महत्वपूर्ण दृश्य की शूटिंग पूरी कर ली, तो वह मेरे पास आई और बोलीं यह मेरे करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



## 'सरफिरा'में अक्षय के साथ-साथ परेश की भी हो रही है खूब तारीफ

# अक्षय व सोनाक्षी की फिल्मों ने सिनेमाघरों में दी दस्तक

*मुंबई। अगर आप भी हर हफ्ते किसी नई फिल्म या वेब सीरीज का इंतजार करते हैं तो जुलाई का यह हफ्ता भी आपके लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जहां सिनेमाघरों में फिल्मों की धूम होगी, वहीं ओटीटी पर भी नए कंटेंट की भरमार होगी। आप अपना पसंदीदा मसाला चुन सकते हैं। आपके लिए सस्पेंस से लेकर कॉमेडी तक का तड़का लगा है। आइए जानते हैं इस हफ्ते कौन-कौन सी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं।*

### अक्षय कुमार की 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' काफी समय से सुखियों में है। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार राधिका मदान नजर आ रही हैं। निर्देशक सुधा कोंगरा इससे पहले गोपीनाथ पर साल 2020 में तमिल फिल्म 'सोरारई पोट्रू' बना चुकी हैं, जिसमे सुपरस्टार सूर्या थे। इस फिल्म के हिंदी रीमेक के निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुधा पर थी। फिल्म में अक्षय के साथ-साथ परेश रावल की भी खूब तारीफ हो रही है। फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आई है।

### कमल हासन की 'हिन्दुस्तानी 2'



सुपरस्टार कमल हासन 'कल्कि 2898 एडी' के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह साल 1996 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'हिंदुस्तानी' का सीक्वल को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में कमल के साथ अभिनेता सिद्धार्थ और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के अलावा कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलायलम और हिंदी में रिलीज हुई है।

### सोनाक्षी-साकिब की 'काकूदा'



सोनाक्षी सिन्हा, साकिब सलीम और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकूदा' ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। यह एक हॉरर कॉमेडी है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा के रतौड़ी गांव की है। वैसे तो यह एक आम गांव हैं, लेकिन इस पर कई साल से एक श्राप लगा हुआ है। हर घर में 2 दरवाजे हैं, जो एक जैसे दिखते हैं और इसी में तगड़ा रहस्य छुपा है। जी 5 पर 12 जुलाई को यह फिल्म रिलीज हुई है।

### कॉमेडी का तड़का 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'



अगर आप कॉमेडी के शौकीन हैं तो इस हफ्ते एक मजेदार फिल्म देख सकते हैं, जिसका नाम है 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'। इसे देख आप हंसते-हंसते लोटपोट हो जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर भी काफी मजेदार था। इस फिल्म में मनजोत सिंह, वरुण शर्मा, सनी सिंह और जस्सी गिल नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री और डायलॉग दर्शकों को गुदगुदाने के लिए काफी हैं। 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई को रिलीज हो चुकी है।

### इन वेब सीरीज का उठाएं लुत्फ

इस हफ्ते आप गुरमीत चौधरी की सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' देख सकते हैं। यह 8 जुलाई को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। उधर 12 जुलाई को रितेश देशमुख की वेब सीरीज 'पिल' जियो सिनेमा तो इमरान हाशमी की 'शोटाइम 2' डिज्नी+हॉटस्टार पर आई है।

## खबर संक्षेप



### विश्व जनसंख्या दिवस पर बंजी में कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा के दिशा-निर्देशानुसार विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय हाईस्कूल बंजी, प्राथमिक शाला बंजी दक्षिणपारा, माध्यमिक शाला बंजी के छात्र संयुक्त रूप से एक जगह एकत्रित होकर ग्राम पंचायत बंजी के शासकीय हाईस्कूल बंजी विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़ में शामिल हुए। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ से लीगल एडवाइजर शंकर सिंह थाना झगराखांड़, बृजमोहन सिंह थाना केल्हारी, स्कूल के प्राचार्य उत्तरा कुमार महर्षि, व्याख्याता रजनीश कुमार पटेल, किशन लाल मेहर, श्रीमती मंजूलता बंजारे, श्रीमती राजेश्वरी साहू, प्रवीण कुमार गुप्ता, प्रधान पाठक नभाग सिंह प्राथमिक शाला बंजी दक्षिण पारा, प्रधान पाठक अशोक मंडल माध्यमिक शाला बंजी सहित संस्था में अध्धयनरत बालक-बालिका उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर के दिशा-निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया एवं उपस्थितजन को कानून की जानकारी दी गई।
समाचार क्रमांक 12

### खोंगापानी में भागवत कथा का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** खोंगापानी के वार्ड क्रमांक 11 दुर्गा पंडाल में 21 जुलाई तक पटेल परिवार के द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में वार्ड के लोग काफी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान सभी भक्त भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। उल्लेखनीय है कि खोंगापानी में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा भव्य आयोजन हो रहा है। कथा शुभारंभ के पूर्व शोभा यात्रा निकली। कलश शोभा यात्रा बाजे-गाजे, आतिशबाजी, फूलों की बारिश और मधुर भजन गीतों के साथ कथा स्थल पहुंची। इस अवसर पर व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास ने कहा कि श्रीहरि सरकार के तीन स्वरूप हैं। पहला सत, दूसरा चित्त और तीसरा आनंद, इसलिए उन्हें सच्चिदानंद कहा गया है। यह पावन कथा साक्षात श्रीहरि के मुखारविंद से निकली है, इसलिए इसकी महत्ता को जानकर हर मनुष्य को अवश्य कथा का रसपान करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके श्रवण मात्र से ही मनुष्य के तीन तरह के दैहिक, दैविक और भौतिक ताप मिटते हैं, इससे जीवन कृतार्थ होता है। वहीं प्रभु को जानने के लिए सर्वप्रथम प्रीति जरूरी है।

### मुख्य मार्गों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा

**बिजुरी।** क्षेत्र के कई जगहों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, इसके कारण अक्सर वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। वहीं कई मर्तबा दुर्घटना से मवेशियों की मौत भी हो गई है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, राजेन्द्रग्राम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आवारा मवेशी सड़कों पर 24 घंटे डेरा जमाए रहते हैं। जिला मुख्यालय निकाय, जनपद क्षेत्र के मुख्य मार्ग में तथा हाईवे क्रमांक 43 में सड़कों पर दिनभर आवारा पशु विचरण करते देखे जा सकते हैं। पशुओं के नियमित सड़कों पर ठहराव से आए दिन सड़कों पर वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, दुर्घटना से पशु भी घायल हो रहे हैं, कई बार तो सड़क दुर्घटना के कारण मवेशियों की मौत भी हो गई है। मवेशियों के कारण सड़कों पर अक्सर जाम भी लगता रहता है। पिछले सप्ताह कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने समय-सीमा की बैठक में सभी विभागीय तथा निकाय,जनपद के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवारा पशु एवं पशु मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें हिदायत दी जाए कि अपने मवेशियों को घर में बांधकर रखे, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दिनभर तेज धूप, सिंचाई के सहारे रोपाई

**सोनहत।** खंड स्तर पर 15 जुलाई को पूरे दिनभर तेज धूप खिली धूप खिली रही, इससे आमजन गर्मी उमस से बेचैन रहे। खासकर सरकारी कार्यालयों, बैंक आदि में काम निपटाने में कर्मचारी गर्मी-उमस पसीने से सराबोर हो किसी तरह काम को करने जूटे रहे। वहीं किसानी कार्य में जुटे किसान वर्ग भी रोपाई आदि कार्य सिंचाई आदि के सहारे करने दिनभर लगे रहे। किसानों के अनुसार सिंचाई आदि की सुविधा गिनती के बड़े किसानों के पास होने से मजदूर आदि की समस्या कम होने से अगैती किसानी को पूरा करने संबंधित किसान कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए गए आवश्यक निर्देश

# मानकों को ध्यान में रखकर जल्द बनाएं आदर्श ग्राम पंचायतः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्राम पंचायत हमारे प्रशासनिक व्यवस्था की अंतिम इकाई है और इसके विकास के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत के विकास से पूरे विकासखंड़ और जिले का विकास प्रभावित होता है। ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिव का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है और आपको अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझना चाहिए।



बैठक लेते सीईओ।

उक्ताशय के विचार जिला पंचायत के मंथन कक्ष में व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से ही हम प्रत्येक ग्राम पंचायत को आदर्श बना सकते हैं। ग्राम पंचायत में योजना का लाभ वास्तविक हितग्राही को निर्धारित समय-सीमा में मिले, इसके लिए आप सभी को पूरी जिम्मेदारी से निरंतर कार्य करना है। साथ ही प्रत्येक ग्राम सचिव को जनहित में लागू सभी योजनाओं के निर्माण कार्यों की समयबद्ध पूर्णता के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में सोनहत और बैकुंठपुर विकासखंड़ के समस्त ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने पंचायत सचिवों की बैठक लेकर विभाग की प्रमुख योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सीईओ ने बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर समीक्षा करते हुए कार्य दायित्वों के प्रति अत्यंत लापरवाह ग्राम पंचायत चिल्का के अकारण अनुपस्थित सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत वार आवास योजना की प्रगति का आंकलन करने के बाद उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों ने राशि मिलने के बाद मकान बनाना प्रारंभ नहीं किया है, उनके विरूद्ध गबन दर्ज कराकर वसूली की कार्रवाई प्रस्तावित करें। बैंक खातों की जांच कर गबन के प्रकरण बनाएं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वीकृत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमें कोरिया जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में कचरा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ कराना है, जिससे पूरे जिले के हर ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम के मानक के अनुसार बनाया जा सके। योजनाओं की समीक्षा कर उन्होंने पूर्ण हो चुके कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र जमा करने के निर्देश भी दिए। महात्मा गांधी नरेगा के तहत नए बनाए जाने वाले अमृत सरोवरों के स्थल चयन में पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में तालाब का प्रस्तावित स्थल एक एकड़ से कम ना हो, ताकि अमृत सरोवर में निर्माण के बाद कम से कम 10 हजार घनमीटर जल का भराव सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन अभियंता, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आरइएस एसडीओ, कार्यक्रम अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी अधिकारी और समस्त ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।


लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई करते न्यायाधीश।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 3500 से अधिक मामले निराकृत

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में तथा जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान के नेतृत्व में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय बैकुंठपुर में किया गया।

■ 39 खंडपीठ का किया गया था गठन

इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी असलम खान, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी राजेश खलखो, अमन तिग्गा, देवाशीष तिग्गा उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि 13 जुलाई को जिला न्यायालय बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी तालुका भरतपुर में कुल 12 खंडपीठ एवं राजस्व न्यायालय का 27 खंडपीठ का गठन किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य 2 हजार 607 प्रकरण रखे गए थे, इसमें से एक हजार 650 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया। इसमें 1 करोड़ 94 लाख 54 हजार 275 रुपए का सेटलमेंट हुआ। श्रीमती मिश्रा ने जानकारी दी कि प्री-लिटिगेशन 5 हजार 721 प्रकरण रखे गए, इसमें 1 हजार 888 प्रकरण निराकृत हुए और 92 लाख 13 हजार 532 रुपए सेटलमेंट हुआ। इस तरह राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 हजार 328 प्रकरण रखे गए थे, इसमें से 3 हजार 538 प्रकरणों का निराकरण हुए और 2 करोड़ 16 लाख 67 हजार 807 रूपए का सेटलमेंट हुआ है। इस अवसर पर काफी संख्या में अधिवक्ता, पक्षकार व विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नर्सिंग के विद्यार्थियों ने किया आवासीय विद्यालय का भ्रमण


भ्रमण में शामिल नर्सिंग की छात्राएं।

**बैकुण्ठपुर।** शहर के हर्रापारा स्थित राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में अध्ययन कर रहे बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं एवं इंस्टिट्यूट के अध्यापिकाएं सुश्री पूनम सिंह, सुश्री खुशबू सिंह ने शासकीय बौद्धिक मंदता बालक विशेष आवासीय विद्यालय (समाज कल्याण विभाग) बैकुंठपुर का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने यहां उपस्थित सभी बच्चों का ब्लड प्रेशर और उनकी ऊंचाई का मापन किया। यहां विद्यार्थियों यह भी देखा कि किस-किस प्रकार के बच्चे रहते हैं। विभाग के उप संचालक आलोक भवाल एवं कर्मचारी वीरनारायण ने बताया कि 6-18 वर्ष के बच्चे जो मानसिक रूप से कमजोर जैसे-डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म, मेंटल रिटार्डेशन आदि वालो को रखा जाता है और इनकी शिक्षा में बेसिक चीजों को सिखाया जाता है, इससे बच्चे अपना नाम, माता-पिता का नाम व पता लिख सकें। इन्होंने ये भी बताया कि बच्चों को शारीरिक व्यायाम एवं योगा कराया जाता है।

### योग की अलख जगा रही स्नेहा



**बिजुरी।** अनूपपुर जिले के कोतमा तहसील के ग्राम पंचायत रेऊंदा की बालिका कुमारी स्नेहा सोनी पुत्री सुनील सोनी एवं माता श्रीमती पप्पी सोनी निवासी मेनरोड झिरिया टोला ने घर पर रहकर अपने परिवार के सदस्यों को योगा करके उसके महत्व के बारे में बताया। स्नेहा प्रतिदिन अपने घर पर व्यायाम करती है, इससे अब उसे किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं रहती, स्वास्थ्य सही रहता है, पढ़ाई में मन लगता है। स्नेहा अभी कक्षा 12 वीं में पढ़ती है। स्नेहा अपने योग का ज्ञान भी अपने स्कूल से ही प्राप्त किया है। स्नेहा सोनी को योग करते देखते हुए आसपास के बच्चे भी अब योगाभ्यास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे गए 1100 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पौधे लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी, इसके तहत अनूपपुर जिला क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्मचारी एवं आम नागरिकों के समन्वय से पौधरोपण कर उनके संरक्षण के लिए जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।


पौधरोपण में शामिल लोग।

इसी के तहत 15 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजुरी परिसर में मप्र के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा स्थानीय निकाय एवं आम जनता के सहयोग से 1100 फलदार पौधे लगाए गए। फलदार पौधों को लगाने के बाद बाद मंत्री श्री जायसवाल द्वारा स्थानीय निकाय को स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि पौधों को रोपने भर से काम नहीं चलेगा।

जब तक सभी जीवंत पौधे वृहद आकार नहीं ले लेते, तब तक स्थानीय निकाय इनके संरक्षण के लिए उचित कदम उठाए। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी द्वारा तत्काल कर्मचारी नियुक्त कर रोपित पौधों की देखभाल एवं संरक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई।

## निगम के वार्डों में चला साफ-सफाई अभियान


अभियान में शामिल निगम कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

राज्य शहरी विकाश अभिकरन छग के दिशा -निर्देशानुसार नगर पालिक निगम चिरमिरी में आयुक्त रामप्रसाद ऑचल एवं स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के तहत सामूहिक स्वच्छता अभियान के द्वारा शहर के नाला-नालियों की सफाई करवा कर नालियों में कीटनाशक दवाई ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया, साथ ही सार्वजनिक हैंडपंप ओवर ,हेड टैंक के साथ-साथ जल भराव वाले स्थान की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में निगम के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता जमादार ,स्वच्छता दीदी का योगदान रहा।

आयुक्त राम प्रसाद ऑचल ने कहा कि राज्य शहरी विकाश अभिकरन छग के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम के तहत नगर को गंदगी मुक्त करना है, इससे मौसमी बीमारियों को रोका जा सके। स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि स्वच्छता दीदी और सफाई कर्मचारी के माध्यम से घर-घर पहुंच कर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है, साथ ही 10-12 सफाई कर्मचारी का टीम बनाकर शहर के प्रत्येक वार्डों की सफाई करवाई जा रही है।

### आदिवासी भवन में महिलाओं ने रोपे सरई के पौधे

**बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप ग्राम पंचायत खाड़ा-खोड़री में गोंडवाना भवन व सर्वआदिवासी भवन के प्रांगण में सोमवार को सर्व आदिवासी समाज के तत्वाधान पर प्रकृति शक्ति स्वरूप सरना सरई (साल) पौधरोपण का आयोजन आदिवासी नीरा सिंह कुसरो के नेतृत्व में कराया गया।



इसमें पौधरोपण करने के लिए समस्त देव स्थल, देवगुड़ी, देवालयों एवं देवगढ़ पहाड़ चौरसिया बाबा, छुरी पहाड़, कोड़िया गढ़ पहाड़ से मिट्टी और मुख्य पवित्र हसदो गेज, श्याम सरोवर, बूढ़ा सागर का जल लाकर समाज के प्रमुखों के द्वारा पूजा (गोंगो) कराकर पौधारोपण एवं सरना पौधरोपण में समावेश किया गया। तत्पश्चात 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस की रूपरेखा के संबंध में चर्चा एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के द्वारा आरक्षण को लेकर 26 जुलाई को विधानसभा घेराव को लेकर चर्चा की गई। इसमें बैकुंठपुर जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह नेताम, सचिव विजय सिंह पोया, गिरजा शंकर पैकरा, श्याम बिहारी सिंह, सर्वजीत सिंह, अमीर सिंह पैकरा, गणपत प्रसाद, फूलसाय, दिनेश राज, विपिन सिंह, देवशरण सिंह, रामगोपाल, रिंकू सिंह, राजेन्द्र पावले, महंत मरकाम, महेन्द्र पोया, राम प्रसाद, दीपक तिर्की, चंद्रिका पैकरा, भूपसाय, राजेश ताराम, दिनेश कोरचे, मुकेश प्रताप सिंह, कुंबज सिंह कंवर, शिवमंगल सिंह, आदिवासी नीरा सिंह कुसरो, गीता खलखो, आरती सिंह, गीता लकड़ा, मालती राज, सुषमा पैकरा सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रीन वैली फाउंडेशन के तत्वाधान में क्षेत्र को हरा भरा बनाए रखने के उद्देश्य से सतत पौधरोपण किया जा रहा है। बड़े बुजुर्गों के साथ युवाओं को भी अभियान से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र के प्रतिष्ठित सीए दीपक अग्रवाल ने अपनी बेटी पलक अग्रवाल के साथ पौधरोपण किया, इसके साथ ही अन्य लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस अवसर पर सीए दीपक अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण कर पौधरोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया, साथ ही जोर दिया कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी, इससे पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। पलक अग्रवाल ने कहा कि आपदाओं को कम करने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। यहां प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। ग्रीन हेमा गायकवाड़ ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़-पौधे लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पेड़-



### गर्ल्स स्कूल में पौधरोपण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के दिशा-निर्देशानुसार एवं एक पेड़ मां के नाम की थीम के तहत 15 जुलाई को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में समस्त विद्यालय परिवार एवं रासेयो के स्वयंसेवी दल की छात्राओं की उपस्थिति में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्राचार्य श्री गुप्ता ने बताया कि यह पर्यावरण को संरक्षित करने के महत्व और प्राकृतिक दुनिया पर मनुष्यों के प्रभाव को प्रतिविम्बित करने का दिन है। इस कार्य में सभी को बढ़-चढ़ कर अपनी सहभागिता निभानी चाहिए, इससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुखद हो। पौधरोपण कार्यक्रम में श्रीमती सी सिंह, आरएल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री एसए अली, यूको प्रभारी जे दुबे, सुमन गुप्ता, ए शर्मा, वीरेन्द्र सिंह, मीनाक्षी जायसवाल, स्वीटी मिश्रा,संजय कुमार यादव, के सोनवानी, फगनी बाई, के शिवहर, जेपी नायर, विपिन कुमार मिश्रा, श्वेता श्रीवास्तव, आर जगत, अनुराधा सोनपाकर, एन दिवाकर, सुशीला मेरी, अनुश्री देव, पी त्रिवेदी, एस बानो, विवेक पांडेय, राकेश देवांगन, सोमेश कौशिक, आशीष चंदेल, सविता सिंह, सुमन होता, योगेंद्र कुशवाहा, सुमित्रा, घनश्याम, विनीता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### मंदिर में झूमे श्रद्धालु



**मनेन्द्रगढ़।** श्री श्याम मंदिर में भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु। मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

## स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला शाखा ने सोमवार को जिले के एनएचएम साथियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को जिला कलेक्टर के माध्यम से निम्नलिखित मांगों का ज्ञापन सौंपा है।

इसमें एनएचएम के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह पोर्ते, डॉ.अतीक सोनी, दीक्षा, मालती सिंह, स्वर्णा, भास्कर निराला, जगदीश कुमार सिंह,शैल कुमार, बृजमोहन, भूपेन्द्र प्रताप, उषा दीवान, वर्षा, मनीषा, अवनीश पाण्डेय, राजकुमार राजवाड़े, बलराज मिश्रा जनकपुर सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित विधानसभा में 19 जुलाई को इस वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी, इसके लिए वार्षिक बजट में 350 करोड़ रूपए आवंटित किए गए थे। अब तक 5 विभागों को इस वृद्धि का लाभ मिल चुका है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक यह लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। इस मुद्दे पर दिसंबर 2023 से अनेक बार सरकारी अधिकारियों को ज्ञापन और पत्र दिए गए हैं। 18 सूत्रीय मांगों में शामिल हैं नियमितीकरण, वेतन स्केल का निर्धारण, वेतन वृद्धि, सेवा पुस्तिका का संशोधन, कार्य मूल्यांकन में सुधार और अन्य मुद्दे शामिल हैं।


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते संविदा कर्मचारी।

### किचन का रुफ भरभराकर गिरा, प्रिंसिपल घायल

**कोरबा।** यह मामला गेवरा के शक्ति नगर बीकन स्कूल का है जहां प्रिंसिपल के ऊपर कमरे का छत का मालवा अचानक गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए बता दें कि बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल शक्तिनगर में सीसीटीवी लगाया जा रहा था इसके निरीक्षण के लिए प्राचार्य नूर मसीह पहुंचे हुए थे। उसी दरमियान वे किचन पहुंचे जहां किचन का रूफ अचानक उनके ऊपर गिर गया। रूफ का मलबा गिरने से प्राचार्य गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें बाद में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। एसईसीएल कॉलोनी गेवरा में रखरखाव के अभाव में छत से मलवा गिरने की घटनाएं लगातार घटित हो रही है इसके बावजूद भी गेवरा सिविल विभाग उदासीन बना हुआ है।

पृष्ठ 1 का शेष

### शहर का गौरव ...

गौरवपथ का निर्माण कराया गया था। इस मार्ग पर सिटी कोतवाली, जिला जेल, डाकघर सहित जिला अस्पताल भवन स्थित है, इसके अलावा इसी मार्ग से होकर सीएमएचओं ऑफिस पहुंचा जा सकता है। इतने महत्वपूर्ण कार्यालयों के होने के बावजूद गौरवपथ के गड्ढ़ों को भरा नहीं जाता और न ही उखड़ी डामर की परत वाली जगह को सुधारा जाता है, इसके कारण लोगों को गौरवपथ से आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दिनभर इस मार्ग से मरीजों का आना-जाना जिला अस्पताल के लिए होते रहता है। घायलों, गर्भवती माताओं एवं बीमार लोगों को एम्बुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल लाया जाता है, जिन्हें भी गड्ढ़ेयुक्त सड़क के कारण काफी परेशानी होती है, इसके बावजूद महत्वपूर्ण गौरवपथ के जर्जर होती जा रही मार्ग को सुधारने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है।